# आकाशवाणी गोरखपुर
# प्रादेशिक समाचार

दिनांक–21 मई 2024 **7:20 AM**

**पहले मुख्य समाचार।**

- लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण के लिये प्रदेश की चौदह सीटों पर मतदान शांतिपूर्ण ढंग से हुआ सम्पन्न। इन सीटों पर कुल सत्तावन दशमलव नौ आठ प्रतिशत मतदाताओं ने अपने मताधिकार का किया प्रयोग।
- आज से दो दिवसीय दौरे पर प्रदेश में रहेंगे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी। वाराणसी में महिला सम्मेलन सहित तीन चुनावी रैलियों को करेंगे सम्बोधित।
- लोकसभा चुनाव के छठें और सातवें चरण के लिये प्रदेश में प्रचार हुआ तेज। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने सिदार्थनगर और सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने संतकबीरनगर में जनसभा को किया संबोधित।
- प्रदेश के कई जिलों में बदला मौसम का मिजाज़। कई स्थानों पर तापमान गिरावट से लोगों को मिली भीषण गर्मी से राहत।

**********

लोकसभा चुनाव के पांचवें चरण में प्रदेश की 14 लोकसभा सीटों– लखनऊ, मोहनलालगंज, रायबरेली, अमेठी, जालौन, झांसी, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, कौशाम्बी, बाराबंकी, फैजाबाद, कैसरगंज और गोंडा में मतदान कल शांतिपूर्वक तरीके से सम्पन्न हो गया। इस चरण में लखनऊ पूर्वी विधानसभा उपचुनाव के लिये भी मतदान हुआ। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार कल कुल सत्तावन दशमलव नौ आठ मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया। सबसे अधिक सढसठ दशमलव एक शून्य प्रतिशत लोगों ने बाराबंकी जिले में मतदान किया। सबसे कम मतदान गोंण्डा में हुआ। वहां का मतदान प्रतिशत इक्यावन दशमलव छह चार प्रतिशत रहा। ललितपुर जिले के सोल्दा गांव ने कल सौ प्रतिशत मतदान का रिकार्ड कायम किया। इस गांव में तीन सौ पचहत्तर मतदाता थे और सभी ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया।

कल के मतदान से कई प्रमुख उम्मीदवारों के राजनैतिक भाग्य का फैसला होगा। लखनऊ संसदीय सीट से रक्षामंत्री राजनाथ सिंह तीसरी बार भाजपा उम्मीदवार के तौर पर मैदान में हैं। वह पिछले दो चुनावों में यहां से जीतते रहे हैं। श्री सिंह का मुकाबला इंडिया गठबंधन में शामिल समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी रविदास मेहरोत्रा और बहुजन समाज पार्टी के उम्मीदवार सरवर मलिक सहित दस उम्मीदवारों से है।

वहीं रायबरेली से कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के सामने भाजपा ने प्रदेश के राज्यमंत्री दिनेश प्रताप सिंह को उतारा है। अमेठी संसदीय क्षेत्र से केन्द्रीय मंत्री स्मृति ईरानी एक बार फिर भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं। वहां कांग्रेस ने किशोरी लाल शर्मा को उम्मीदवार बनाया है। मोहनलालगंज सुरक्षित सीट से केन्द्रीय राज्यमंत्री कौशल किशोर तीसरी बार भाजपा के टिकट पर चुनाव मैदान में हैं, जबकि उनके सामने समाजवादी पार्टी के पूर्व मंत्री आर.के.चौधरी हैं।

अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि मंदिर के निर्माण के कारण फैजाबाद सीट भी काफी महत्वपूर्ण है। इस सीट पर भाजपा के लल्लू सिंह के खिलाफ सपा के अवधेश प्रसाद और बसपा के सच्चिदानन्द पांडेय चुनावी मैदान में हैं। 2019 के लोकसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने इन चौदह सीटों में से तेरह सीटें जीती थीं। कांग्रेस सिर्फ रायबरेली सीट जीत सकी थी और वहां से कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी निर्वाचित हुई थीं।

**********

प्रधानमंत्री और वरिष्ठ भाजपा नेता नरेंद्र मोदी आज दो दिवसीय दौरे पर अपने संसदीय क्षेत्र वाराणसी आ रहे हैं। वहां वह 25 हजार से अधिक महिलाओं से संवाद करेंगे। हमारे वाराणसी संवाददाता ने बताया............

***प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अपने दो दिवसीय दौरे पर वाराणसी पहुंचेंगे। वाराणसी पहुंचने पर प्रदेश के मुख्यमंत्रीयोगी आदित्य नाथ भी उनके साथ रहेंगे। वाराणसी के पुलिस लाइन पर हेलीकॉप्टर से पहुंचने पर प्रमुख भाजपा नेताओं द्वाराउनकी अगवानी की जाएगी। इसके पश्चात प्रधानमंत्री वाराणसी के संपूर्णानंद संस्कृतविश्वविद्यालय में आयोजित मातृशक्ति सम्मेलन में उपस्थित मातृशक्ति को संबोधित करेंगे इस सम्मेलन में मंच संचालन सहित अन्य सभी भूमिकाएं महिलाओं द्वारा ही निभाई जा रही हैं। सम्मेलन को देखते हुए सुरक्षा के कड़े बंदोबस्त किए गए हैं। लगभग 1 घंटे के इस सम्मेलनके पश्चात प्रधानमंत्री बीएलडब्ल्यू स्थित गेस्ट हाउस के लिए रवाना हो जाएंगे ,वही पर रात्रि विश्राम करेंगे इस दौरान वह काशी केप्रबुद्ध लोगों मुलाकात कर चुनाव संचालन की जानकारी भी प्राप्त कर सकते है। अगले दिन वह यहां से अगले गंतव्य के लिए रवाना हो जाएंगे। मनीष सिंह, आकाशवाणी समाचार, वाराणसी।***

कल प्रधानमंत्री बस्ती में चुनावी जनसभा में हिस्सा लेंगे। यह रैली बस्ती, संतकबीरनगर और डुमरियागंज लोकसभा क्षेत्रों के भाजपा प्रत्याशियों के समर्थन में होगी। इसके बाद प्रधानमंत्री श्रावस्ती लोकसभा क्षेत्र में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को देखते हुए सुरक्षा समेत अन्य इंतजाम पूरे किये जा रहे हैं।

**********

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा आज कई अन्य प्रमुख नेता भी प्रदेश के विभिन्न जिलों में अपने प्रत्याशियों के पक्ष में जनसभा कर मतदाताओं को मतदान के लिये प्रेरित करेंगे। प्रमुख नेताओं के दौर की जानकारी देते हुए हमारे संवाददाता ने बताया–

***प्रधानमंत्री आज रात वाराणसी में रहेंगे और कल वह प्रदेश में दो और रैलियों को संबोधित करेंगे. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज बलरामपुर, सिद्धार्थ नगर, संत कबीर नगर बस्ती वाराणसी और आजमगढ़ में रैलियों को संबोधित करेंगे।***

*दूसरी ओर, समाजवादी पार्टी प्रमुख अखिलेश यादव आजमगढ और भदोही जिलों में रैलियों को संबोधित करेंगे. उनकी पत्नी डिंपल यादव भी आजमगढ़ में चुनाव प्रचार करेंगी. बहुजन समाज पार्टी सुप्रीमो मायावती जौनपुर जिले में रैली को संबोधित करेंगी।*

**********

लोकसभा चुनाव के शेष चरणों के लिये प्रदेश में चुनाव प्रचार तेज हो गया है। इसी क्रम में उपमुख्यमंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता केशव प्रसाद मौर्य ने कल सिद्धार्थनगर और जौनपुर में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में जनसभा की। उन्होंने पूर्ववर्ती सपा, बसपा और कांग्रेस सरकारों पर हमला बोलते हुए कहा कि जब उनकी सरकार थी, तब इन पार्टियों ने जनता के लिए कुछ नहीं किया। वहीं सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने संतकबीरनगर और बस्ती में पार्टी प्रत्याशी के समर्थन में चुनावी जनसभा को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि यह संविधान बचाने का चुनाव है। भाजपा सरकार पर किसानों का कर्ज माफ न करने का आरोप लगाते हुए सपा प्रमुख ने वादा किया कि उनकी सरकार आएगी तो किसानों का कर्ज माफ किया जायेगा। उधर, सपा के राष्ट्रीय महासचिव शिवपाल यादव ने मऊ में जनसभा को संबोधित करते हुए भारतीय जनता पार्टी पर बेईमानी और भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि डबल इंजन की सरकार ने कोई काम नहीं किया है। आज किसान, गरीब, नौजवान सभी परेशान हैं।

**********

भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) ने कहा है कि को–वैक्सीन के प्रभावों पर बनारस हिंदू विश्वविद्यालय (बीएचयू) के अध्ययन से संबंधित लेख गुमराह करने वाला है और इसमें परिषद का भी गलत तरीके से हवाला दिया गया है। आईसीएमआर ने कहा है कि वह किसी भी तरह से इस अध्ययन से जुड़ा नहीं है और उसने शोध के लिए कोई वित्तीय या तकनीकी सहायता प्रदान नहीं की है। आईसीएमआर के महानिदेशक डॉ. राजीव बहल ने पत्र के लेखकों और पत्रिका के संपादक को पत्र लिखकर कहा है कि आईसीएमआर के उल्लेख को तुरंत हटाया जाए। उन्होंने कहा कि इस शोध में जो भी घटनाएं बताई गई हैं, उनको कोविड–19 टीकाकरण से नहीं जोड़ा जा सकता है।

उधर, आईसीएमआर ने अधूरा शोध पत्र प्रस्तुत करने पर काशी हिंदू विश्वविद्यालय चिकित्सा विज्ञान संस्थान के निदेशक को इसकी जांच करने का निर्देश दिया है। निदेशक की ओर से मामले की जांच को लेकर एक कमेटी गठित की गई है।

**********

बीते सात दिन से पड़ रही भीषण गर्मी से परेशान प्रदेश के कई जिलों के लोगों को मौसम में बदलाव के चलते कल शाम राहत मिली। सिद्धार्थनगर और महराजगंज के तराई क्षेत्रों में हुई बारिश के कारण गोरखपुर सहित प्रदेश के कई पूर्वी जिलों पर तापमान गिर गया। रायबरेली और बदायूं में भी मौसम में अचानक आये बदलाव से लोगों ने गर्मी से राहत की सांस ली। मौसम विभाग के अनुसार अगले दो से तीन दिन तक चंदौली, वाराणसी, गाजीपुर, बलिया, आजमगढ, मऊ, गोरखपुर, देवरिया, कुशीनगर जिलों में गरज चमक के साथ बूंदा–बादी से लेकर हल्की वर्षा का पूर्वानुमान है। मौसम विभाग ने कुछ स्थानों पर आकाशीय बिजली गिरने की आशंका जताई। उधर प्रदेश में हीट वेव के असर को देखते हुए मेरठ, नोएडा और गाजियाबाद में कक्षा आठ तक के सभी स्कूलों को 25 मई तक के लिये बंद कर दिया गया है। इस संबंध में जिला बेसिक शिक्षाधिकारी की ओर से आदेश जारी कर दिया गया है।

**********